# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि — 06 चैत्र, 1934 (श०) / 26 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—34

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 18 |
| (2) कारा विभाग | .. | .. | 02 |
| (3) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) उद्योग विभाग | .. | .. | 03 |
| (5) वित्त विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) सांस्थिक वित्त विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 01 |
| (9) मंत्रिमंडल सचिवालय (निगरानी) विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 34 |

ओ०पी० खोलना

*2555. श्री परमानन्द ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के जगता खरसाही पंचायत के जगता बाजार में एक पुलिस चौकी कार्यरत थी जिसे 2010 से हटा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जगता बाजार के उक्त पुलिस चौकी को हटाये जाने के बाद उस बाजार के अतिरिक्त निकटवर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति में कठिनाई उत्पन्न हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बीस हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र की आम जनता की सुरक्षा के लिए जगता बाजार में पुलिस ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पूरा नहीं करने का औचित्य

*2556. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्रीय कारा, गया, केन्द्रीय कारा, बेउर, शहीद जुब्बा सहनी केन्द्रीय कारा, भागलपुर, मंडल कारा, दरभंगा और भभुआ, शिविर कारा, फुलवारीशरीफ व सहरसा के जेल भवनों के जीर्णोद्धार, चहारदीवारी, कक्षपाल बैरक, संतरी पोस्ट, जेल परिसर में पहुँच पथ आदि के निर्माण के लिये कुल 2.45 करोड़ रुपये की योजना को स्वीकृति वर्ष 2009 में दी गयी है, यदि हां, तो समय-सीमा के अन्दर इसे पूरा नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

थाना खोलना

*2557. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् में थाना नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि 28 वार्ड को मिलाकर नगर परिषद्, बेनीपुर का गठन दो वर्ष पूर्व हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर परिषद्, बेनीपुर में थाना खोलने का विचार रखती है ?

---------

शाखा खोलना

*2558. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बेन प्रखंड मुख्यालय में कॉमर्शियल बैंक की शाखा नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में बेन प्रखंड में कॉमर्शियल बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2559. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर के थाना का चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना का चहारदीवारी नहीं होने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त थाना का चहारदीवारी का निर्माण करने का क्या विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2560. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड स्थित बाजार में खादी भंडार भवन निर्मित है, जो जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के परिसर की चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने के कारण भवन परिसर पूरी तरह असुरक्षित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिसर की चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शाखा खोलना

*2561. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008-09 में दरभंगा जिला के अलीनगर प्रखंड में एस०बी०आई० शाखा खोलने से संबंधित लाइसेंस आर०बी०आई० द्वारा स्वीकृत की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्चस्तरीय कमिटी द्वारा वर्ष 2009-10 में स्थल एवं मकान का परिसर का भी अनुमोदित कर दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि एस०बी०आई० की शाखा नहीं रहने के कारण वहां करीब 15 हजार नागरिकों को बैंक से कारोबार करने के लिए 15 कि०मी० दूर जाना पड़ता है;

(4) उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो आर०बी०आई० के द्वारा लाइसेंस देने के बावजूद अलीनगर में बैंक की शाखा नहीं खोलने का क्या औचित्य है ?

---------

उप-कोषागार चालू करना

*2562. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा अनुमंडल में उप-कोषागार भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2002 में पूरा हो गया है, परन्तु अभीतक उप-कोषागार को चालू नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त उप-कोषागार, मढ़ौरा को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2563. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वाणिज्यिक, निजी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या 4141 है, जिनमें से मात्र 14 बैंकों ने ही डेयरी, मछली पालन एवं मुर्गीपालन जैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करनें वाले योजना का वित्त पोषण किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष में इन बैंकों द्वारा डेयरी क्षेत्र के 77234, मछलीपालन के लिए 16141 एवं मुर्गीपालन के 13865 आवेदकों में से क्रमशः 4916,756 एवं 438 आवेदकों को ही कर्ज दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के विकास में सहयोग नहीं करने वाले इन बैंकों एवं बैंक के शाखा प्रबंधकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*2564. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय (निगरानी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड के कुन्दह पंचायत में सिमर महावीर स्थान से रोड नं० 17 तक की पी०सी०सी० ढलाई के क्रम में की गयी अनियमितताओं की जांच वर्ष 2011 में निगरानी विभाग द्वारा की गयी थी, जिसे विभाग ने सत्य पाया है, यदि हां, तो सरकार विभागीय जांच की सत्यता के आलोक में संबंधित अभियंता एवं संवेदक पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*2565. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बलवा हाट ओ०पी०को अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में थाना कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बलवा हाट ओ०पी० का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सीटों की बढ़ोत्तरी

*2566. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के न्यू करीमगंज मुहल्ला में स्थापित छात्रावास में केवल 100 छात्रों को रहने के की व्यवस्था है जो छात्रों के अनुपात में बहुत कम है, जिससे मेधावी छात्रों को पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार गया जिला के न्यू करीमगंज मे स्थापित छात्रावास में सीटों के बढ़ोत्तरी करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अग्निशामक केन्द्र खोलना

*2567. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा प्रखंड एवं जलालगढ़ प्रखंड में अग्निशामक केन्द्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में अगलगी की घटना घटित होने से अग्निशामक यंत्र को पूर्णियाँ से कसबा एवं जलालगढ़ प्रखंड आने में अधिक समय लगता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में अग्निशामक केन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अंकित करने का औचित्य

*2568. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के निवासियों को प्रखंड कार्यालय से जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के फार्म में सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति अंकित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फार्म में अन्य जाति समुदाय में मात्र यादव जाति को शाखा जाति का कॉलम अंकित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाति समुदाय में मात्र यादव जाति के शाखा जाति का कॉलम में अंकित करने का क्या औचित्य है ?

------------

कार्रवाई करना

*2569. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--दिनांक 18 दिसम्बर, 2011 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''उड़ीसा से भी कम साख-जमा अनुपात बिहार का'' की ओर ध्यान देते हुए क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में साख-जमा अनुपात उड़ीसा एवं आसाम से भी कम मात्र 27 फीसदी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार साख-जमा अनुपात बढ़ाने के संबंध में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

थाना खोलना

*2570. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोहनपुर प्रखंड में थाना नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहनपुर प्रखंड का बड़ा भू-भाग गंगा नदी का दियारा क्षेत्र है जो वैशाली एवं पटना जिला का सीमा क्षेत्र है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला के जिला पदाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक सहित प्रमंडलीय स्तर के पदाधिकारी भी मोहनपुर में एक नया थाना वर्ष 2009 में खोलने की अनुशंसा की है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मोहनपुर प्रखंड अन्तर्गत थाना खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

छात्रावास चालू करना

*2571. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नावाडीह में वर्ष 2007 में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास का प्रभार आजतक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नहीं लिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास का प्रभार लेकर छात्रावास चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

भवन का निर्माण

*2572. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत कल्याणपुर थाना का अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि एफ०सी०आई० गोदाम भवन में कल्याणपुर थाना चल रहा है, जहां पुलिस भी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थाना के लिए भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बैंक खोलना

*2573. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 5 हजार की आबादी पर 1 बैंक खोलने का सरकार द्वारा वर्ष 2011 में निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के बांसघाट मसुरिया, बखरी, प्यारेपुर स्थित लक्ष्मीगंज, बरोली प्रखण्ड के बघवार, सलेमपुर एवं सिधवलिया प्रखण्ड के शेर, बखरोर, बुधसी में 5 हजार से अधिक आबादी है, पर एक भी बैंक कार्यरत नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 5 हजार की आबादी वाले उक्त पंचायत में बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जूट मिल खोलना

*2574. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किसानों का मुख्य नकदी फसल जूट है तथा किशनगंज में ही जूट का सबसे अधिक उत्पादन होता है, किन्तु यहां पर जूट मिल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार किशनगंज जिला में जूट मिल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ओ०पी० खोलना

*2575. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत शेरघाटी-गया भाया चेरकी पथ में शेरघाटी थाना एवं चेरकी थाना के बीच की दूरी लगभग 18 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी-गया पथ में सगाही बाजार पड़ता है, जो गुरूआ थाना के अधीन है;

(3) क्या यह बात सही है कि गुरूआ थाना को सगाही जाने के लिए नदी पार कर या शेरघाटी होकर आना पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सगाही बाजार में ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

भवन का निर्माण

*2576. श्री रामप्रवेश राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा थाना के थाना भवन का अधूरा निर्माण कार्य वर्ष 2007-08 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मांझा थाना में पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण पुलिस बलों को रहने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मांझा थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ओ०पी० खोलना

*2577. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी प्रखण्ड में बैजनाथपुर दियारा क्षेत्र में है, जहां अपराधियों के नियंत्रण में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दियारा में जाने के लिए नाव ही एकमात्र सहारा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बैजनाथपुर दियारा में एक ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

उद्योग स्थापित करना

*2578. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला कृषि प्रधान जिला है, जहां कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग नहीं है, यदि हां, तो उक्त जिला में मकई, गेहूँ, धान, आलू, टमाटर, फूलगोभी, मिर्च, आम, नींबू, दुग्ध आदि पर आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवास का निर्माण

*2579. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी अनुमण्डल मुख्यालय में एक अग्निशामक दस्ता प्रतिनियुक्त है, लेकिन उसके रहने के लिए आवास नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार मनिहारी में अग्निशाम यूनिट के कर्मियों के लिए आवास का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*2580. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर थाना के करनामेपुर पुलिस चौकी एवं बहोरनपुर पुलिस चौकी का अपना थाना भवन नहीं होने के चलते करनामेपुर पुलिस चौकी, करनामेपुर की जगह रमदतही एवं बहोरनपुर पुलिस चौकी, बहोरनपुर की जगह गौरा में अवस्थित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक करनामेपुर एवं बहोरनपुर पुलिस चौकी का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है ?

## मुआवजा देना

*2581. श्री जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के बेगपुर गाँव के मो० जाकीर अंसारी की हत्या दिनांक 8 मई, 2011 को बेगपुर एवं चाकै गाँव के बीच हत्या कर दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना के संबंध में बांका पंचावारा थाना कांड संख्या 142/11 एवं 143/11 दर्ज किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि मृतक जाकीर अंसारी के परिवार को सरकार के द्वारा मुआवजा देने की घोषणा वर्ष 2011 को की गई है जबकि अभीतक मृतक के परिवार को मुआवजा नहीं मिला है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक श्री अंसारी के परिवार को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## बकाया का भुगतान

*2582. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलांतर्गत तिरूपति चीनी मिल, बगहा के ऊपर गन्ना किसानों का दो करोड़ रुपया गन्ना मूल्य भुगतान 10 वर्षों से बकाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक इस चीनी मिल के प्रबंधकों द्वारा किसानों के पुराना गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गन्ना किसानों के बकाया मूल्य का भुगतान करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2583. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के अधीन सहवाजपुर पंचायत के ग्राम भलनी (कुरैशी मोहल्ला) में कब्रिस्तान अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दो वर्ष पूर्व जिलाधिकारी, दरभंगा को उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी के लिये पत्र लिखा गया था;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## थाना का दर्जा देना

*2584. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड का खजूरहा पंचायत नक्सल प्रभावित क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के गढ़ बाजार में सुरक्षा के दृष्टि से ओ०पी० कार्यरत है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त ओ०पी० को थाना का दर्जा नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र के मंगवार, अतलखा, पचलख, मोकामा आदि गाँवों के आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खजूरहा पंचायत के गढ़ बाजार में स्थित ओ०पी० को थाना का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सहयोग करना

*2585. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मंडल कारा, छपरा शहर के बीच अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि शहर के मध्य में उक्त कारा अवस्थित रहने से छपरा शहर के विकास एवं सौंदर्यीकरण में बाधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छपरा मंडल कारा को शहर के बाहर स्थानान्तरित कर छपरा शहर के विकास एवं सौंदर्यीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2586. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना निजी भवन में संचालित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिधवलिया थाना के लिये सिधवलिया में भूमि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थाना का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2587. श्री भोला राय—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कदवा विधान-सभा अन्तर्गत कदवा के सहायक थाना, बलिया बेलौन एवं डंडखोरा थाना को अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाने का कार्यालय भाड़े के मकान में चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों थाने का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2588. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर थाना का अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि थाना का जो जमीन आवंटित किया गया है, वह नाथ नगर में है जो प्राणपुर से 5 कि०मी० दूरी पर है जहां से थाना का संचालन करने में काफी कठिनाई होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला पदा०, कटिहार ने वर्ष 2003 में थाना हेतु प्राणपुर अंचल के बगल में सरकारी जमीन अधिग्रहण कर थाना को जमीन देने का आदेश अंचलाधिकारी, प्राणपुर को दिया था, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अंचल के बगल में 40 डिसमिल सरकारी जमीन पर थाना भवन का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्मीकान्त झा,<br>प्रभारी सचिव,<br>बिहार विधान-सभा।

पटना:<br>दिनांक 26 मार्च, 2012 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०) 157 डी०टी०पी०-450